
तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 06 नवंबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 सेवा सहकारी समिति में वीरानी छाई राशन ...


12 उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में विधायक ....


## खबर संक्षेप

### पुराने विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम नवागांव में पुराने विवाद को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर प्रार्थी गोविंद कुमार नवागांव ने बताया कि पूर्व में धान फसल को गाय, बैल द्वारा चरने के विवाद को लेकर आए दिन भूपेंद्र ध्रुव के द्वारा उसके पिता बनउराम साहू को गाली और जान से मारने की धमकी दिया जाता है। 4 नवंबर को लगभग शाम 5 बजे मेरे पिता घर से निकल कर खेत की ओर जा रहे थे। तभी गांव के स्कुल के सामने आरोपी भूपेंद्र ध्रुव ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में रखे डंडे एवं हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले में खल्लारी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2)-बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### दो युवकों के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने एक युवक द्वारा अलग-अलग समय में दो लोगों के साथ मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड 17 निवासी रिंकू बंजारा 4 नवंबर की शाम 5 बजे अपने दोस्तों के साथ सिटी सिनेमा के पास खड़ा था। उसी समय इब्राहिम खान उर्फ इब्बू खान आया, जिसे प्रार्थी ने कहा कि मेरी शारीरिक परेशानी के बारे में सभी लोगों को क्यों बताता है। ऐसा बोलने पर आरोपी इब्राहिम खान ने गाली गलौज करते हुए रोड में पड़े पत्थर के टुकड़े को उठा कर प्रार्थी के सिर में मारकर चोट पहुंचाया और जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद प्रार्थी व उसके सभी दोस्त जनपद चौक बसना के पास चले गए। जहां से सचिन राणा अपनी से अकेले दानी पेट्रोल पंप जाने के लिए निकला था। जिसके साथ आरोपी इब्राहिम खान ने सिटी सिनेमा के पास गाली गलौज करते हुए किसी नुकीली वस्तु से चोट पहुंचाया। मामले को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 126(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### आवेदन देने जा रहे शख्स से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम डोंगरीपाली में धान उपार्जन खोलने की मांग को लेकर एसडीएम पिथौरा को आवेदन देने जा रहे शख्स के साथ एक व्यक्ति ने मारपीट की तथा आवेदन को फाड़ दिया।
पुलिस को अमर सिंह ग्राम डोंगरीपाली ने बताया कि गांव में धान उपार्जन केंद्र खोलने की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिथौरा को आवेदन देने के लिए सुबह करीब 8 बजे जा रहा था, तभी ग्राम छोटेलोरम की बीच गली में आरोपी उत्तर कुमार बरिहा के द्वारा आवेदन को फाड़कर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

## आयोजन : प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल ने किया शुभारंभ, दोहराया- हमने बनाया, हम ही संवारेंगे

# राज्योत्सव में दिखी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य के 24वें स्थापना दिवस पर जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व खाद्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के मुखिया विष्णुदेव साय के सुशासन में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जनहित योजनाओं के कारण सभी वर्गों में उत्साह दिखाई दे रहा है। प्रदेश सरकार ''हमने बनाया है हम ही संवारेंगे'' की परिकल्पना को साकार करने में लगी है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण का श्रेय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने संबोधित करते हुए सरकार द्वारा प्रदेश के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की और सभी को इस प्रगति में सहयोग देने के लिए प्रेरित किया।





### 21 विभागों की योजनाओं संबंधी लगे स्टॉल

राज्योत्सव में 21 विभागों द्वारा जनहितकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों को शासकीय योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इनमें कृषि, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास, जनसंपर्क, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी, वन, मत्स्य पालन, पशु चिकित्सा, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, श्रम, खाद्य और समाज कल्याण, परिवहन, आयुष, आदिम जाति कल्याण, विधिक सेवा, पुलिस, यातायात विभाग एवं महिला स्व सहायता समूह के स्टॉल शामिल थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

राज्योत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महतारी लोक कला मंच खरोरा के कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की रंगारंग प्रस्तुति दी। इसके अलावा, स्थानीय स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी राज्योत्सव के अवसर पर अपनी कला और संस्कृति का प्रदर्शन किया। आदिवासी विकास छात्रावास के छात्रों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि फॉर्चून नेत्रहीन फाउंडेशन के बच्चों ने अपनी गायन प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। इसी क्रम में आस्था पटनायक ने अपने कत्थक नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कालकारों को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया।

### यह रहे मंचस्थ

इस अवसर पर विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना संपत अग्रवाल, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर,नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद राशि महिलांग, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, सरायपाली जनपद पंचायत अध्यक्ष कुमारी भास्कर, बागबाहरा स्मृति हितेश चंद्राकर, गणमान्य अतिथि, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

बसना विधायक संपत अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार में निरंतर विकास की पथ पर अग्रसर हो रहा है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि महासमुंद जिले ने विभिन्न निर्माण कार्यों एवं विकास के कई आयाम तय किए है और विकास की उंचाईयों को छुआ है। उन्होंने बताया कि जिले में 1.23 लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। वन विभाग द्वारा 9745 लोगों को गजयात्रा के माध्यम से जागरूक किया गया। वहीं 3.26 लाख हितग्राहियों को महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह लाभान्वित किया जा रहा है। 98,406 हितग्राही पेंशन योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। महात्मा गांधी नरेगा के तहत 38.61 लाख मानव दिवस का सृजन किया गया है। पीएम-जनमन के तहत 3271 परिवारों को लाभ मिला है तथा कक्षा 10वीं और 12वीं में महासमुंद जिले का परीक्षा परिणाम राज्य में शीर्ष स्थान पर रहा। उन्होंने कहा कि हमारी अपेक्षा है कि हम ज़िले में शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को निश्चित समय पर पहुँचाए और सतत विकास के काम करते रहें और ज़िले को और समृद्ध बनाएं।




# छावनी में तब्दील हुआ लाफिनखुर्द, तनाव की स्थिति

## पुलिस बल की तैनाती के बीच देर शाम तक नहीं सुलझा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय से लगा ग्राम लाफिनखुर्द मंगलवार को छावनी में तब्दील हो गया। बलौदाबाजार जैसी घटना घटित होने की संभावना को देखते हुए यहां भारी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई। बता दें कि लाफिनखुर्द में दो पक्षों में तनाव की स्थिति को देखते हुए यहां पुलिस के पुख्ता इंतजाम रहे।

दरअसल, पूरा मामला जमीन विवाद से जुड़ा होने की बात सामने आई है। दोनों पक्षों द्वारा लगातार शासन प्रशासन से जमीन विवाद को सुलझाने के लिए मामला संज्ञान में लाया गया। लेकिन, प्रशासनिक लचरता के चलते जिम्मेदार अफसरों ने मामले को सुलझाए जाने की बजाय लटकाए रखा। अब मंगलवार को एक पक्ष ने यहां पर अपने सामाजिक प्रतीक चिन्ह की स्थापना कर दी। जिसके बाद दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। बाद में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अफसरों की मौजूदगी में बंद कमरे में दोनों पक्षों की बैठक शुरु हुई लेकिन, समाचार लिखे जाने देर शाम तक मामले में दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता नहीं हो पाया।

## भाजयुमो ने फूंका कांग्रेस का पुतला ...



**महासमुंद।** दामाखेड़ा कबीर आश्रम में उदित मुनि साहब के ऊपर हमले में कांग्रेस की संलिप्तता सामने आ रही है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ के शांत वातावरण को अशांत करने का काम किया है। जिसके विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जिला मुख्यालय में कांग्रेस का पुतला दहन किया। इस दौरान मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, पार्षद मीना वर्मा, पार्षद हाफिज कुरैशी, गोपाल वर्मा, भाजपा जिला सहकारिता प्रकोष्ठ के सह संयोजक देवेंद्र चंद्राकर, सोनधर सोनवानी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अमन वर्मा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री, भाजयुमो महामंत्री कुशाल ठाकुर, अंकुश गौर, भुवनेश्वर साहू, भाजयुमो महामंत्री जतिन रूपरेला, अमित साहू, आनंद साहू, आकाश पांडे आदि रहे।

# धान की कटाई शुरू, देर से खरीदी, किसानों के लिए बनी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

1 नवंबर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी चालू नहीं होने का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ सकता है, क्योंकि धान को काटने के बाद बीड़ा बनाकर या तो खेत में ही छोड़ दे रहे हैं या फिर खेत के किसी कोने में खरही बनाकर रख रहे हैं। ऐसी स्थिति में बारिश हो गई तो किसानों का फसल चौपट हो सकती है। चूंकि अभी अर्ली वेरायटी यानी छोटे धान की ही कटाई हो रही है।

एक नवंबर से खरीदी होने पर छोटे धान लगाने वाले किसान इसकी मिंजाई करके सीधे मंडी ले जाते थे। अभी मिंजाई करने के बाद भी घर या घर के बाहर रखना पड़ रहा है। ऐसे में किसान को खेत में सोना पड़ रहा है या फिर घर के बाहर। यह सबसे बड़ी समस्या है। जिले के सैकड़ों किसान अर्ली वेरायटी के धान लगाते हैं। यह फसल बड़े धान की तुलना में 20-25 दिन पहले पककर तैयार हो जाती है। ऐसे में इसकी कटाई भी पहले करनी पड़ती है। अभी सैकड़ों किसान ऐसे हैं जो इस धान की कटाई कर रहे हैं। अभी बड़े धान पके नहीं है। इसके कारण हार्वेस्टर खेतों में जा नहीं पा रहा। कुछ किसानों के खेतों तक पहुंच भी रही है। जहां पहुंच रही है वहां कटाई के साथ मिंजाई भी हो रही है। उसे सुखाने के लिए खलिहान नहीं होने की वजह से घर के बाहर सड़क पर ही रख रहे हैं। यदि एक नवंबर खरीदी चालू हो जाती तो घर के बाहर रखने के बजाए सीधे मंडी ले जाते।



**1010, भुवन, सिल्की जैसे धान की खेती** - जिले के कई किसान 1010, भुवन, सिल्की जैसे अर्ली वेरायटी धान लगाए हैं। इसे काटने का समय हो गया है। कुछ किसान काट रहे हैं कुछ तैयारी कर रहे हैं। जो किसान धान काटे हैं उनका खलिहान नहीं है। इसके कारण खेतों में ही छोड़ दिया है। अब उसे एक-एक बीड़ा ढोकर लाना पड़ेगा। ऐसे में जब तक मंडी नहीं ले जाते तब तक उसकी सुरक्षा करनी पड़ेगी। सरना धान की कटाई भी चालू हो गई है।

### छोटे किस्म के धान में पानी की खपत कम

छोटे धान अमूमन टिकरा फसल के रुप में लगाते हैं या फिर पड़त भूमि पर। इसमें पानी कम लगता है। अन्य धान की वेरायटी 70- 80 से 90-110 दिन की होती है। जबकि छोटे धान 40-45 से 50 दिन में पक जाती है। इसकी मात्रा कम होती है, लेकिन लगभग हर किसान लगाते हैं। जहां पानी ठहरता है और बहरा खेतों में बड़े धान लगाते हैं।

# एटीएम में तोड़फोड़ कर चोरी का असफल प्रयास, 80 हजार की क्षति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिथौरा बस स्टैंड के पास स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में तोड़फोड़ कर चोरी के प्रयास के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया है। पिथौरा थाने में एफआईआर में टीएसआई कंपनी ( ट्रांजेक्शन सॉल्यूशन इंटरनेशनल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) के जिला कार्यवाहक व प्रार्थी रूपेंद्र कुमार साहू पिता बीरेंद्र साहू (36 वर्ष) ने बताया कि महासमुंद जिले के 9 एटीएम की देखरेख की जिम्मेदारी उसे दी गई है। 3 नवंबर की रात्रि में करीब 2 बजे से 2.45 के मध्य कुछ अज्ञात लोगों द्वारा पिथौरा बस स्टैंड के पास स्थित एसबीआई में तोड़फोड़ कर चोरी करने का प्रयास किया गया।

सुबह सूचना मिलने पर पिथौरा बस स्टैंड के पास स्थित एटीएम की जांच कर सीसीटीवी फुटेज देखने पर दोनों एटीएम क्षतिग्रस्त स्थिति में मिले। तोड़फोड़ के चलते एटीएम क्रमांक एक का प्रेजेंटर, शटर असेंबली, एसएनजी लॉक केबल एवं एटीएम क्रमांक दो के एसएनजी लॉक केबल को क्षति पहुंचा है। इसके चलते शासकीय संपत्ति को लगभग 80000 रुपए का नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 324(3), 324(4), 331(4), 62 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।



## विधायक के पास शिकायत लेकर पहुंचे चिंगरौद के ग्रामीण

# बाहर से लोग बुलाकर गांव में लहराए धारदार हथियार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांव के ही एक युवक के खिलाफ चिंगरौद के ग्रामीणों ने मोर्चा खोलते हुए इसकी शिकायत मंगलवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के कार्यालय पहुंचकर की। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त व्यक्ति द्वारा अवैध शराब बेचा जा रहा है और दूसरे गांव से अन्य लोगों को बुलाकर गांव में सभी के साथ गाली-गलौज कर धारदार हथियार लहराया गया है। इससे भयभीत ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पुलिस में भी की है। कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विधायक को ज्ञापन सौंपा। चिंगरौद ग्रामीणों ने बताया कि गांव के व्यक्ति जितेंद्र बोरे द्वारा गांव में अवैध शराब बिक्री की जाती है। 20 अक्टूबर की रात वह ग्राम बम्हनी से कुछ लोगों को बुला लिया और शराब के नशे में पूरे गांव में गाली-गलौज कर धारदार हथियार लहराया। इस दौरान उन लोगों ने गांव की महिलाओं पर टोनही होने का भी आरोप लगाया है। दूसरी बार 21 अक्टूबर को फिर से वही घटना दोहराई गई। फिर भी ग्रामीणों ने कुछ नहीं कहा। इसके पश्चात 04 नवंबर की रात फिर से कुछ लोग धारदार हथियार लेकर पहुंचे। इस बार गांव की महिलाओं ने उन्हें समझाने की कोशिश की तो उन पर डंडे से हमला कर दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को भी दी।


फिर भी अभी तक कोई कड़ी कार्रवाई नहीं होने के कारण ग्रामीण विधायक कार्यालय पहुंचे।

### अवैध कृत्यों के खिलाफ सख्त है हमारी सरकार: योगेश्वर



विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि गांव में इस प्रकार का कृत्य अशोभनीय है। साथ ही हथियार लेकर घूमना कानून के साथ खिलवाड़ करने वाला है। इसलिए उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। आगे कहा कि अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ हमारी सरकार सख्त है। किसी भी प्रकार का कानून का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
महासमुंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
**9981131365, 9098324969**

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने दीं छठ महापर्व की शुभकामनाएं

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उत्तर भारतीय और भोजपुरी समाज सहित समस्त प्रदेशवासियों को चार दिवसीय छठ महापर्व के शुभारंभ की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री साय ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि छठ पूजा 5 नवंबर से नहाय-खाय के साथ शुरू हो रही है। छत्तीसगढ़ में सूर्य उपासना और छठी मईया के पूजन का यह पर्व आगामी 4 दिनों तक धूमधाम से मनाया जायगा। नहाय-खाय के साथ शुरू होकर यह पर्व खरना, संध्या अर्घ्य, प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ समाप्त होगा। उन्होंने छठी मइया से प्रार्थना करते हुए कहा है कि छठ पर्व सब के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।

### खाद्य मंत्री ने विकास प्रदर्शनी का लिया जायजा




**रायपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल ने सोमवार शाम नया रायपुर स्थित राज्योत्सव स्थल पर खाद्य विभाग द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विधायक संपत अग्रवाल भी इस दौरान उनके साथ थे। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री बघेल ने विभागीय स्टॉल में विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार और लोगों को जानकारी प्रदान करने लगाई गई प्रदर्शनी का जायजा लिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्टॉल में आने वाले लोगों को अधिक से अधिक योजनाओं की जानकारी देने और इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित करने को कहा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के स्टॉल में धान खरीदी और पीडीएस सहित कई योजनाओं के क्रियान्वयन और उपलब्धियों की जानकारी प्रदर्शित की गई है।

### 'देशबंधु' चित्तरंजन दास की जयंती पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रवादी नेता, प्रसिद्ध वकील, प्रबुद्ध पत्रकार और महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी 'देशबंधु' चित्तरंजन दास की 5 नवंबर को जयंती पर उन्हें नमन किया है। राष्ट्र के लिए उनके अतुलनीय योगदान को याद करते हुए श्री साय ने कहा कि भारत के स्वाधीनता संग्राम में देशबंधुजी ने अपनी एक स्वतंत्र छाप छोड़ी। उन्होंने कभी अपने सिद्धांतों और विचारों से समझौता नहीं किया। कई देशभक्तों की तरह उन्होंने भी असहयोग आंदोलन के अवसर पर अपनी वकालत छोड़ दी और अपनी सारी संपत्ति मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल को दे दी। वे अपनी तीक्ष्ण बुद्धि और पत्रकारीय दृष्टिकोण के लिए भी जाने जाते थे। देशवासी उन्हें प्यार से 'देशबंधु' कहते थे।

### राप्रसे के पदोन्नत अधिकारियों ने जताया सीएम का आभार



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सोमवार को उनके निवास कार्यालय में राज्य प्रशासनिक सेवा के पदोन्नत अधिकारियों ने मुलाकात कर उनके प्रति आभार जताया। उल्लेखनीय है कि राज्य प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ सेवा वेतनमान पर कार्यरत 64 अधिकारियों को प्रवर सेवा वेतनमान पर तथा कनिष्ठ सेवा वेतनमान पर कार्यरत 25 अधिकारियों को वरिष्ठ सेवा वेतनमान पर विगत 28 अक्टूबर को पदोन्नत किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य प्रशासनिक सेवा के सभी पदोन्नत अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्य प्रशासनिक सेवा से प्रणव सिंह, मनीष मिश्रा, नवीन कुमार ठाकुर, अभिलाषा पैकरा, विनायक शर्मा, अरुण वर्मा, गीता दीवान, अर्चना पांडेय, डॉ. दीप्ति वर्मा, मधु हर्ष, ऋतु हेमनानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# डाइट में प्रथम वर्ष के छात्राध्यापकों का भव्य अभिनंदन समारोह हुआ

## दीपावली के पूर्व पारंपरिक अंदाज में हुआ अभिनंदन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमंद में डीएल एड प्रथम वर्ष में नवागंतुक छात्राध्यापकों का द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों द्वारा आत्मीय अभिनंदन समारोह का आयोजन प्राचार्य मीना पाणिग्राही के मार्गदर्शन एवं सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन एवं सेवा पूर्व प्रकोष्ठ प्रभारी संतोष साहू के संयोजन में किया गया। दीपावली पूर्व आयोजित इस कार्यक्रम में पारंपरिक सुआ नृत्य, गौरी गौरी एवं पारंपरिक वेशभूषा में छात्राध्यापक सुसज्जित थे।



इस अवसर पर प्राचार्य मीना पाणिग्राही ने कहा कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की जिले में एक अलग गरिमा है, इसे बनाये रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उनके द्वारा छात्राध्यापकों के आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति की प्रशंसा की गई। सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान ने कहा कि हमारी परंपरा के अनुरुप यह आयोजन संपन्न हो रहा है। हमें अपनी संस्कृति परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखना होगा। इस अवसर पर प्रथम वर्ष के छात्राध्यापकों को समूह में बांटकर बच खेल, खाना खजाना, शब्द से कविता निर्माण, आओ मेकअप करें जैसे महत्वपूर्ण एवं आनंददायी प्रतियोगिता कराई गई। कार्यक्रम के शुभारंभ में सगत नृत्य के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी गई। वही पारंपरिक लोकनृत्य सुआ, गौरा गौरी इत्यादि से वातावरण दीपावलीमय हो गया। कार्यालयीन स्टाफ की ओर से योगेंद्र पांडे द्वारा आकर्षक गीत की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम के दौरान सहायक प्राध्यापक के सिंग, वरिष्ठ व्याख्याता उमा देवी शर्मा, संतोष साहू, टेकराम सेन, कमलेश पांडेय, दुर्गा सिन्हा, किरण कन्नौजे, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू एवं कार्यालयीन स्टाफ से लेखा पाल सुनील साहू, आकांक्षा साहू, योगेंद्र पांडे, प्रदीप साहू, मीना साहू, गरिमा सिंह राजपूत हीरामन, अजय, उदित ने नवांगतुक छात्राध्यापकों का स्वागत किया।

इस दौरान फिल्मी कलाकार व पत्रकार अमित हिशीकर की मनमोहक प्रस्तुति ने दिल जीत लिया। कार्यक्रम की सफलता में जसवंत, दीपिका नंदा, लिखन, दौलत, पदमिनी, मोनिका, कुमकुम, रेणुका, भूपेंद्र, संतोष भूमिका, अनिता, जागृति, विभु, राखी, डिकेश्वरी, वेदप्रकाश, बसंती, अमृत, दुर्गेश, लक्ष्मीकांत, खिलेश्वरी, किरण, जागेश्वरी, प्रियंका, नीलकंठ, उमा भारती, देवमणी, सहित समस्त द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन रेणुका पटेल व कुमकुम टंडन व आभार प्रदर्शन जसवंत सिदार ने किया। उक्त जानकारी विक्रम, गोपाल, भूपेंद्र कुर्रे ने दी है।

# उल्लेखनीय कार्यों के लिए मंत्री बघेल ने किया सरपंच भामिनी का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समीपस्थ ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर को उनके चुनौतिपूर्ण एवं उल्लेखनीय कार्यों क्े लिए राज्योत्सव के दौरान प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच ने बरसों से शासकीय भूमि को कब्जे से मुक्त कराया। वहीं एक प्रभावशाली व्यक्ति को शासकीय जमीन से कब्ज़ा करने से रोका जिसके कारण उन्हें तत्कालीन एसडीएम से भी उलझना पड़ा। इसके अलावा चंद्राकर ने शासन प्रशासन की योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा पौधरोपण संरक्षण, संवर्धन तथा उनकी सुरक्षा एवं जल जीवन मिशन मे निर्धारित मापदंडों के अंतर्गत कार्य करके जनता की समस्याओं को दूर करने का अथक प्रयास किया जिसक्े लिए ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच श्रीमती भामिनी पोखन चंद्राकर को सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र प्रदेश क्े खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने प्रदान किया।

सरपंच श्रीमती चंद्राकर ने इस सम्मान के लिए गांव की अधिशिष्ठत्री देवी शीतला मैया की कृपा, नागरिकों व विवेकानंद सेवा संस्थान क्े अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू, सचिव उदेराम साहू, तेजराम धीवर, गिरधारी धीवर, जीतराम धीवर तथा यज्ञ देवांगन के सहयोग को बताया। सम्मान प्राप्त करते समय सरपंच श्रीमती चंद्राकर क्े साथ पंच प्रकाश साहू, सावित्री चंद्राकर, मीनू चंद्राकर, ईशा धीवर, हेमा साहू, सरस्वती साहू, विद्या जमुलकर, शिवकुमारी, भारती ध्रुव उपस्थित रहे।

नए प्रस्ताव से समस्या जल्द होगी दूर

# 5 हजार से ज्यादा धान उपार्जन केंद्रों में गोदाम, चबूतरा, फड़ एवं शेड की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में 5 हजार से ज्यादा धान उपार्जन केंद्रों में कहीं गोदाम-चबूतरे तो कहीं फड़ एवं शेड की कमी है। इन कमियों को दूर करने के लिए मंडी बोर्ड द्वारा इन उपार्जन केंद्रों में कमी व डिमांड के अनुसार गोदाम, चबूतरा, फड़ एवं शेड का निर्माण कराने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस प्रस्ताव के अनुसार इन कार्यों में 255 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च होनी है। मंडी बोर्ड जल्द ही प्रस्ताव को स्वीकृत कराने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को भेजेगा। हालांकि प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद भी इस पर काम नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में ही शुरू हो पाएगा, क्योंकि 14 नवंबर से धान की खरीदी शुरू होने वाली है। ऐसे में धान खरीदी पूर्ण होने के बाद ही इसका काम शुरू किया जा सकेगा।

प्रदेश में धान उपार्जन का कार्य विपणन संघ के एजेंट के रूप में सहकारी समितियों द्वारा किया जाता है। वर्तमान में प्रदेशभर में सहकारी समितियों द्वारा 2739 उपार्जन केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 692 ऐसे उपार्जन केंद्र हैं, जहां 3414 पक्का चबूतरा, 569 पक्का फड़, 644 पक्का शेड एवं 493 केंद्रों में 200 मीट्रिक टन के गोदाम बनाने की आवश्यकता है। इस तरह कुल 5120 उपार्जन केंद्रों में चबूतरे, शेड, फड़ एवं गोदाम जैसी समस्या पिछले कई वर्षों से बनी हुई है। यह समस्या इस बार भी खत्म नहीं हो पाएगी, क्योंकि इस समस्या को दूर करने के लिए मंडी बोर्ड द्वारा बनाए गए प्रस्ताव को अभी मंजूरी मिल नहीं पाई है।



### दो चरण में किए जाएंगे कार्य

विभागीय अधिकारियों के अनुसार प्रस्ताव को अगर स्वीकृति मिलती है, तो इसका काम दो चरण में किया जाएगा। पहले चरण में 50 प्रतिशत कार्य किए जाएंगे। पहले चरण के कार्य पूर्ण होने के बाद दूसरे चरण में शेष कार्य पूर्ण किए जाएंगे।

### सबसे ज्यादा पक्के चबूतरों की डिमांड

उपार्जन केंद्रों में सबसे ज्यादा पक्के चबूतरों की डिमांड है। 692 उपार्जन केंद्रों में 3414 पक्का चबूतरों के निर्माण होना है। इसमें 49 करोड़ 84 लाख 44 हजार रुपए की राशि खर्च होगी। इसी प्रकार 644 उपार्जन केंद्रों में 98'5x32'10x2' आकार के 1-1 शेड का निर्माण किया जाना है। इसमें सबसे अधिक 89 करोड़ 51 लाख 60 हजार रुपए खर्च होंगे। इसी प्रकार 493 केंद्रों में 2 सौ मीट्रिक टन का 1-1 गोदाम निर्माण में 65 करोड़ 76 लाख 62 हजार रुपए तथा 569 पक्का फड़ निर्माण में 50 करोड़ 81 लाख 17 हजार रुपए की लागत लगेगी। इस तरह कुल 5120 कार्यों में 255 करोड़ 93 लाख 83 हजार रुपए खर्च होंगे।

### दो चरण में किए जाएंगे निर्माण कार्य

बैंकों के माध्यम से सहकारी समितियों द्वारा उपार्जन केंद्रों में शेड, चबूतरा, फड़ एवं गोदाम बनाने की मांग की गई है। इन मांगों के अनुसार 255 करोड़ रुपए से अधिक का प्रस्ताव बनाया गया है, जिसे स्वीकृति के लिए खाद्य विभाग के सचिव को भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद दो चरण में निर्माण कार्य कराए जाएंगे।

- एके डोडवानी,
अधीक्षण अभियंता, मंडी बोर्ड

# बिगड़ती कानून व्यवस्था पर कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल से सरकार को बर्खास्त करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ जिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण का अभनपुर में धरना

प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस लगातार प्रदर्शन कर रही है। इसी क्रम में जिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण का धरना प्रदर्शन अभनपुर बसस्टैंड में सोमवार को किया गया। धरना के बाद राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर राज्य सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है।

धरना प्रदर्शन में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने बलरामपुर में पुलिस अभिरक्षा में मौत के लिए पुलिस को जिम्मेदार ठहराया। वहीं उदित मुनिनाम साहेब के घर में घुस कर जानलेवा हमले को पूरा कबीर पंथी समाज पर हमला बताया एवं प्रशासन की अक्षमता को जिम्मेदार बताया। इसकी घोर निंदा करते हुए राज्य सरकार को तुरंत बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा, अब इस भाजपा सरकार को एक पल भी रहने का हक नहीं है। जिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष उधो राम वर्मा कहा, जब से भाजपा की सरकार प्रदेश में बनी है, एक भी दिन ऐसी नहीं बीता जब बड़े अपराध नहीं हुए।

हत्या, डकैती, बलात्कार की घटनाएं आम हो गई हैं। लोगों का अब सरकार, प्रशासन पर से विश्वास उठ गया है। लोग स्वयं सड़कों पर आकर प्रदर्शन कर रहे, इससे बड़ी अराजकता कुछ भी नहीं हो सकती। प्रदेश सचिव प्रवीण साहू, ब्लॉक अध्यक्ष विद्याभूषण सोनवानी, गिरधारी साहू, कोमल साहू, धनराज मध्यानी, चंद्रहास साहू, जीत सींग, डामन साहू, श्रवण चंद्राकर, बलविंदर, राधाकृष्ण टंडन सहित कई कांग्रेसी शामिल हुए।

# मतदान दिवस के पूर्व 12 को अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान 13 नवंबर को होने वाला है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार निर्वाचन क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में मतदान के लिए सार्वजनिक अवकाश और सामान्य अवकाश की घोषणा की गई है। मतदान दिवस के पूर्व 12 नवंबर को मतदान केंद्र वाले सभी सरकारी और निजी स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है, इस दिन मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा और उन्हें मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। बता दें कि रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए 30 प्रत्याशी मैदान पर हैं। इस सीट पर चुनाव प्रचार 11 नवंबर की शाम को थम जाएगा। उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान और इसके नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।

### ईवीएम का रेण्डमाइजेशन पूरा

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए सामान्य प्रेक्षक जी. रेखा रानी के समक्ष एवं राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ईवीएम एवं वीवी पैट मशीनों का रेडक्रॉस सभाकक्ष में द्वितीय रेण्डमाइजेशन किया गया। रेण्डमाइजेशन के बाद अंतिम रूप से तय किए गये ईवीएम बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट मशीन में उल्लेख आईडी नंबर सहित सूची राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया में बीयू 719, सीयू 379 एवं वीवीपैट 425 का द्वितीय रेण्डमाइजेशन किया गया।

### सीईओ ने की पर्यवेक्षकों से मुलाकात

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले से रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उप-चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक जी. रेखा रानी, पुलिस प्रेक्षक करण शर्मा और व्यय प्रेक्षक कनुप्रिया दामोर ने मुलाकात की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान उप-चुनाव को निर्बाध, निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से कराने विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

# नेता प्रतिपक्ष महंत ने राज्योत्सव से बनाई दूरी गए ओडिशा प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के शुभारंभ के अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के मौजूद नहीं होने को लेकर लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं रहीं। मामले में जानकारी लेने पर पता चला कि डॉ. महंत ओडिशा के दौरे पर गए हैं।



यह कार्यक्रम पूर्व निर्धारित था। राज्योत्सव कार्यक्रम को लेकर राज्य सरकार की ओर से उनके कार्यालय में आमंत्रण भेजा गया था। उन्हें कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि के रूप में भी शामिल किया गया था। बताया जाता है कि उनके कार्यक्रम के दौरान मौजूद नहीं होने को राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। महंत के करीबी सूत्रों ने डॉ. महंत को ओडिशा में कांग्रेस पार्टी को मतबूत करने की जिम्मेदारी एआईसीसी ने सौंपी है। उसके संबंध में एक कार्यक्रम पूर्व में तय हुआ था। ओडिशा में दाना साइक्लोन आने के कारण उक्त कार्यक्रम उस समय रद्द हो गया था। अब उस कार्यक्रम को दीपावली के बाद 4 नवंबर को तय किया गया, उसमें शामिल होने के लिए उन्हें जाना पड़ा। ओडिशा प्रवास पर होने के कारण राज्योत्सव के शुभारंभ के अवसर पर वे मौजूद नहीं रहे।

देश विदेश से जुटेंगे कंस्ट्रक्शन विशेषज्ञ

# रोड कांग्रेस के 83वें अधिवेशन में होगा तकनीकी प्रेजेंटेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑल इंडिया रोड कांग्रेस का 83वां अधिवेशन रायपुर में 8 से 11 नवंबर तक होने वाला है। खास बात ये है कि इस आयोजन में देश- विदेश के कई कंस्ट्रक्शन विशेषज्ञ, आईआईटी, एनआईटी सहित अन्य तकनीकी संस्थाओं के विद्यार्थियों सहित करीब 3 हजार प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है।बताया गया है कि अधिवेशन में मुख्य रूप से टेक्निकल प्रेजेंटेशन होंगे। देश-विदेश के साथ छत्तीसगढ़ की ओर से भी प्रेजेंटेशन दिया जाएगा। अधिवेशन में केंद्रीय भू-तल परिवहन मंत्री नितिन गड़करी विशेष रूप से शामिल होंगे।

### कई देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

बताया गया है कि इस अधिवेशन में श्रीलंका, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, सिंगापुर सहित अन्य देशों के प्रतिनिधियों को भी शामिल कराया जा रहा है। इसके साथ ही देश के मेट्रो सिटीज के बड़े डेवलपर भी शामिल होंगे।



बताया गया है कि ऑल इंडिया रोड़ कांग्रेस का यह अधिवेशन साल में एक बार अलग-अलग राज्यों में आयोजित होता है। छत्तीसगढ़ में पहली बार ये अधिवेशन होने जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ की भी होगा प्रेजेंटेशन

ऑल इंडिया रोड़ कांग्रेस इस अधिवेशन में बड़ी संख्या में विशेषज्ञों को उनके तकनीकी प्रजेंटेशन देने के लिए आमंत्रित कर रही है। इस क्रम में छत्तीसगढ़ को भी प्रजेंटेशन देने कहा गया है। छत्तीसगढ़ द्वारा दिए जाने वाले प्रजेंटेशन में बताया जाएगा कि राज्य में सड़कों को लेकर किस तरह की समस्याएं है। प्रदेश में सड़कों की स्थिति कैसी है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में सड़क संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए राय ली जाएगी।

### प्रमुख संस्थानों के लगेंगे स्टॉल

*प्रदेश के बहुआयामी विकास के प्रदर्शन के लिए अधिवेशन स्थल पर पॉवर एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर के अग्रणी संस्थानों एनएमडीसी, एनटीपीसी, सेल (भिलाई स्टील प्लांट), छत्तीसगढ़ विद्युत उत्पादन कंपनी तथा विभिन्न विकास निगमों के स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगाए जाएंगे। अधिवेशन में आने वाले अतिथियों को छत्तीसगढ़ की कला, शिल्प और लोक संस्कृति से अवगत कराने छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प, ग्रामोद्योग, पर्यटन, संजीवनी, वन विकास इत्यादि के स्टॉल्स भी होंगे। अधिवेशन के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन होंगे। राज्य के अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थी सदस्यता देने कहा गया है। प्रदेश के अभियंताओं को देश की प्रमुख संस्थानों के वैज्ञानिकों के व्याख्यान द्वारा ज्ञानार्जन का अवसर मिलेगा। अधिवेशन में आने वाले प्रतिनिधियों को पर्यटन स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा।*

# इस दीपावली में पियक्कड़ 6 दिन में गटक गए 52 करोड़ रुपए से अधिक की शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस दीपावली पर पियक्कड़ों ने शराब पीने में पिछले वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इस दीपावली पर धनतेरस से लेकर भाईदूज के दूसरे दिन तक यानी 6 दिनों में रायपुर जिले में 52 करोड़ 35 लाख रुपए से अधिक शराब की बिक्री हुई है, जबकि पिछले वर्ष की दीपावली में 6 दिनों में 47 करोड़ 82 लाख के करीब बिक्री हुई थी। इस तरह इस बार के त्योहार में शराब की ज्यादा बिक्री हुई है, जिससे आबकारी विभाग की कमाई भी बढ़ी है।



### साढ़े चार करोड़ रुपए की अतिरिक्त कमाई

आबकारी कार्यालय के अधिकारियों से मिले आकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष की दीपावली त्योहार की तुलना में इस बार शराब की ज्यादा बिक्री हुई है, जिससे विभाग को साढ़े चार करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय हुई है। शराब की बिक्री का आंकड़ा बताता है कि इस बार के त्योहार में पियक्कड़ों ने खूब जाम छलकाया है, जिससे जिले में इस बार 36.5 प्रतिशत शराब की अतिरिक्त बिक्री हुई है।

### लक्ष्मी पूजा के दिन सबसे अधिक शराब की बिक्री

पिछले वर्ष की तुलना में इस बार के लक्ष्मी पूजा के दिन शराब की सबसे ज्यादा बिक्री हुई है। इस बार लक्ष्मी पूजा के दिन 11 करोड़ 48 लाख से अधिक की शराब की बिक्री हुई है। पिछले वर्ष 10 करोड़ 46 लाख से अधिक की बिक्री हुई थी। इस तरह इस बार 9.7 प्रतिशत अधिक शराब की बिक्री हुई है। इसी प्रकार नरक चौदस के दिन 11 करोड़ 37 लाख 90 हजार 930 रुपए, गोवर्धन पूजा के दिन 10 करोड़ 94 लाख 30 हजार 700, भाईदूज के दिन 9 करोड़ 61 लाख 50 हजार 420, भाईदूज के दूसरे दिन 10 करोड़ 6 लाख 90 हजार 580 तथा धनतेरस के दिन 8 करोड़ 48 लाख 1 हजार 920 रुपए की बिक्री हुई है।

## खबर संक्षेप



### खरोरा में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के हनुमान मंदिर परिसर में संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें प्रकाश चंद्राकर, गुलशन चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर ने कहा कि लोगों ने मिलकर मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने मंदिर परिसर से प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया और आसपास के क्षेत्र को साफ किया और प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया एवं उन्हें स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस सेवा अभियान की सराहना करते हुए लोगों को संदेश दिया कि इस तरह के प्रयासों से मंदिर परिसर की साफ-सफाई बनी रहेगी और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेगी। जन्मदिन पर मुकेश चंद्राकर ने भगवान हनुमान की पूजा अर्चना की।

### कांग्रेस पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी



**महासमुंद।** ऑल इंडिया किसान कांग्रेस कमेटी द्वारा किसान कांग्रेस पदाधिकारियों को महाराष्ट्र विधानसभा के अलग-अलग विधानसभा में जिम्मेदारी दी गई। महासमुंद के किसान नेता दाऊलाल चंद्राकर अलमोरी विधानसभा का प्रभार दिया गया है। इसी तरह से किसान नेता राजेश जैन को रालेगण विधानसभा की जिम्मेदारी दी गई है। बहुत ही जल्द किसान कांग्रेस के नेता महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक के रूप में रवाना होंगे। उक्त नियुक्ति ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी किसान कांग्रेस प्रकोष्ठ महामंत्री महामंत्री अखिलेश शुक्ला द्वारा जारी की गई है।

### विद्यालय में न्योता भोज

**महासमुंद।** ग्राम पाटिलबाहरा के शासकीय नवीन प्राथमिक शाला संकुल केन्द्र बेलसोंडा में स्कूल की प्रधान पाठिका भुनेश्वरी चंद्राकर ने अपने बेटी के जन्म दिवस पर विद्यालय में न्योता भोज कराया। न्योता भोज में विद्यार्थियों को भजिया, जलेबी और अंडा परोसा गया।

## निधन

### अंजनी बाई पटेल



**बिरकोनी।** ग्राम चुरकी खल्लारी निवासी अंजनी बाई पटेल (98) का देहांत शुक्रवार को हो गया। अंतिम संस्कार दोपहर 3 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित समाजिकजन शामिल हुए। वे मोतीराम पटेल, रतिराम पटेल, रतनुराम पटेल, पूर्व जनपद सदस्य शिवकुमार पटेल, राजकुमार पटेल एवं बालाराम पटेल की मां थीं।

---

**मांग:** तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समितियों के कर्मचारी हड़ताल पर

# सेवा सहकारी समिति में वीरानी छाई राशन दुकानों में भी लटका ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली




लंबर सहकारी समितियों की हड़ताल की वजह से शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में ताला लटकने से किसानों व आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दीपावली त्यौहार के बाद हर किसी को राशन की आवश्यकता होती है, ऐसे समय में एकाएक हड़ताल से कामकाज पूरी तरह ठप है। वहीं 14 नवंबर से की जाने वाली धान खरीदी की तैयारियां बुरी तरह से प्रभावित होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार सूखत की मांग को लेकर प्रदेश भर की सहकारी समितियां अपनी मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। समिति प्रबंधक के अनुसार गत वर्ष बरदाना की राशि ब्याज अनुदान अभी तक समितियों को अप्राप्त है। पूर्व में समिति के सदस्यों द्वारा शासन-प्रशासन के मंत्रियों को भी आवेदन पत्र दिया गया था। किंतु, इस पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। इसके चलते आक्रोशित सहकारी कर्मियों ने आंदोलन शुरू कर दिया। हड़ताल के दूसरे दिन भी सभी सहकारी समितियों में ताला लटका हुआ था। जिसके कारण हितग्राहियों को चावल मिट्टी तेल, शक्कर तथा अन्य सामग्री उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। किसानों का कामकाज नहीं हो पा रहा है। हड़तालियों में प्रबंधक लिपिक, सहायक लिपिक, ऑपरेटर, विक्रेता, चपरासी, चौकीदार आदि शामिल हैं। यदि समय रहते इनकी मांगों का निराकरण नहीं होने से धान खरीदी प्रभावित होने के साथ साथ सभी हितग्राहियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# महिला पतंजलि योग समिति की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महिला पतंजलि योग समिति की राज्य कार्यकारिणी सदस्य हेमलता साहू के नेतृत्व में जिला महिला पतंजलि योग समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में चल रहे निःशुल्क योग शिविर की सफलता को देखते हुए सराहना की गई। साथ में 10 नवंबर 2024 को हाउसिंग बोर्ड सामुदायिक भवन में योग सह शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम किए जाने की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य महिला पतंजलि प्रभारी जया दीदी का आगमन हो रहा है। बैठक में मुख्य रूप से भारत स्वाभिमान न्यास मंच के प्रभारी तिलक साव, महामंत्री रमेश चंद्र राय, राजेंद्र वर्मा, मन्नू लाल साहू, संदीप पतले जिला मीडिया प्रभारी तथा महिला पतंजलि योग समिति की अध्यक्ष सुमती साहू, महामंत्री पूनम पटले, संरक्षिका कुमुदिनी साव, तहसील प्रभारी कुलेश्वरी साहू, नूपुर श्रीवास्तव आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## नायब तहसीलदार झलप ने स्कूली बच्चों के साथ मनाया जन्मदिवस



महासमुंद। मंगलवार को जोरातराई कमारडेरा के नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाने के लिए झलप के नायब तहसीलदार नीरज कुमार पहुंचे। उन्होंने अपना जन्मदिवस मनाने के लिए प्राथमिक शाला जोरातराई कमारडेरा को चुना। अपने जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। बच्चों को अपने हाथों से मिठाई खिलाई। इस अवसर पर झलप के संकुल समन्वयक सतीश तिवारी, छिलपावन के संकुल समन्वयक कौशल किशोर सिन्हा, प्रधान पाठक धर्मेंद्र मल्हारे सहित जनपद सदस्य एवं पंच उपस्थित रहे।

# तथाकथित भाजपा नेताओं के संरक्षण में हो रहा मजदूरों का पलायन : विनोद

## अंतरराज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम 1979 के तहत होनी चाहिए कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में इन दिनों भट्ठा दलालों द्वारा मजदूरों का बड़ी संख्या में अवैध पलायन कराया जा रहा है। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने विज्ञप्ति में बताया कि जिले में इन दिनों भट्ठा दलालों द्वारा भोले-भाले ग्रामीणों को बहला फुसलाकर तथा रुपए का लालच देकर मजदूरी के लिए छत्तीसगढ़ से बाहर उत्तरप्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में ले जाया जा रहा है। दलालों द्वारा मजदूरों को पहले ही रुपए देकर फंसाया जा रहा है तथा रुपए देकर जबरदस्ती पलायन करने विवश किया जा रहा है।

यदि कोई मजदूर ईंट भट्ठा जाने से मना करता है तो उनके साथ मारपीट तथा रुपए वसूली के नाम पर औने-पौने ब्याज जोड़कर प्रताड़ित किया जा रहा है। चंद्राकर ने कहा कि इस पलायन के चलते छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रभावित होंगे। साथ ही उत्तर प्रदेश में होने वाले उपचुनाव को भी प्रभावित किया जा सकता है।



उन्होंने बताया कि मजदूरों के इस बलात और अवैध पलायन पर गौर किया जाए, तो इसमें संलिप्त भट्ठा दलाल अपने आप को भाजपा का नेता बता रहे हैं तथा अपनी गाड़ियों में भाजपा का झंडा लगाकर गांव-गांव घूमते हुए मजदूरों को डरा धमकाकर तथा लालच देकर इस कृत्य को अंजाम दे रहे हैं।

### मजदूरों का अवैध पलायन डबल इंजन की सरकार की नाकामी

चंद्राकर ने कहा कि चुनाव के दौरान जिस तरह भारतीय जनता पार्टी ने डबल इंजन सरकार का सपना दिखाते हुए नवयुवकों को रोजगार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार, कृषकों के जीवन स्तर में सुधार की बातें कही थी, वह आज निरर्थक और थोथी साबित होती नजर आ रही है। छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता का इस प्रकार अवैध रूप से पलायन कराया जाना तथा भट्ठा दलालों को खुद को भाजपा नेता बताना इस सरकार की नाकामी को दर्शा रहा है। चंद्राकर ने शासन प्रशासन से अपील की है कि इन तथाकथित भाजपा नेताओं का चोला पहने भट्ठा दलालों के खिलाफ अंतरराज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम, 1979 प्रवासी श्रमिक रोज़गार कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए।

# शिक्षक संघ का प्रांतीय निर्वाचन घुंचापाली में 9-10 को, जुटेंगे राज्यभर के आचार्य वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- **9 को शाम 7 बजे प्रांतीय महासभा की होगी बैठक, राष्ट्रहित, शिक्षा, शिक्षार्थी एवं शिक्षक हित में लेंगे निर्णय**

छग शिक्षक संघ का प्रांतीय निर्वाचन मां चंडी मंदिर परिसर घुंचापाली (बागबाहरा) में 9 एवं 10 नवंबर को होगा। जिला की ओर से प्रांतीय मंत्री उमेश भारती गोस्वामी एवं जिला अध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि प्रांतीय निर्वाचन में राज्यभर से महासभा परिषद के 254 सदस्य मतदाता के रुप में उपस्थित होंगे। सर्वप्रथम 9 नवंबर को शाम 7 बजे प्रांतीय महासभा की बैठक होगी। जिसमें राष्ट्रहित, शिक्षा, शिक्षार्थी एवं शिक्षक हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। पश्चात 10 नवंबर को प्रातः 9 बजे से प्रांताध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रांतीय मंत्री के लिए निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ होगी एवं परिणाम शाम 5 बजे तक घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त निर्वाचन के लिए पूर्व प्रांताध्यक्ष सुधीर गौतम मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं डॉ. रविंद्र चौहान, वेणु दिल्लीवार, मनोज तिवारी, मंगशराम महतो, नोहर सिंह सहायक निर्वाचक होंगे उन्हीं के दिशा निर्देशों पर चुनाव होगा।

जिलाध्यक्ष टेकराम सेन द्वारा जिला एवं ब्लाक के पदाधिकारियों को अपील करते हुए कहा कि राज्यभर के शिक्षकों का महासमुंद जिला में आगमन हमारा सौभाग्य है। ऐसे में सभी पदाधिकारी शिक्षकों/आचार्य वीरों के स्वागत में किसी भी तरह कमी न करें। तत्संबंध में जिला की ओर से संपूर्ण व्यवस्था के लिए जिम्मेदारी उमेश भारती गोस्वामी, अशोक शर्मा बसना, राजेंद्र इंगोले, यूके दास पिथौरा, चंद्रहास पात्र सरायपाली, ज्योतिष चौधरी, भागवत जगत, अरुण प्रधान, मधु शर्मा महासमुंद, डोमन सिंह टंडन बागबाहरा, विजय लक्ष्मी चंद्राकर, भगोलीराम साहू को दी गई है।

आवास व्यवस्था के लिए मुख्य रुप से राजेश शर्मा, रोहिणी देवांगन, राधेश्याम निषाद, किशोर कमार रथ एवं अनिल पटेल, खगेंद्र तारक को दी गई है। भोजन व्यवस्था के लिए अविनाश लाल, लक्ष्मीकांत सिन्हा, रामकेवल टंडन, नारायण धीवर, बिसेलाल ध्रुव, टोप सिंह पटेल, पिरीत पटेल एवं पंजीयन के लिए मानिक साहू, चेतन सिंह दीवान, अंतर्यामी प्रधान, पदम लोचन प्रधान, कुबेर साहू, रामकुमार साहू, गैंदलाल साहू, सुशील शर्मा, राकेशधर शर्मा, आशा साहू, लता वैष्णव, विजयलक्ष्मी चंद्राकर, चंद्रहास पात्र को जिम्मेदारी दी गई है।

बैठक व्यवस्था के लिए तिलक चंद्राकर जिला सचिव एवं केतन साहू, मधु शर्मा को जल व्यवस्था के लिए भगोलीराम साहू को जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार फ्लैक्स, परिचय पत्र, निर्वाचन प्रमाण पत्र, बैग माईक, स्टेशनरी आदि की व्यवस्था के लिए प्रमुख रुप से भागवत जगत को प्रभार दिया गया है। प्रमुख संगठन मंत्री राजेंद्र इंगोले, जिलाध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि तत्संबंध में आवश्यक बैठक 7 नवंबर दोपहर 2 बजे घुंचापाली चंडी मंदिर प्रांगण में होगी।

# उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में विधायक चातुरी ने किया चुनाव प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली



विधायक चातुरी नंद ने रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में ब्राम्हण पारा में चुनाव प्रचार किया। साथ ही वार्ड के कांग्रेस पदाधिकारियों से भेंटकर चुनाव जीतने के लिए रणनीति तैयार की। चुनावी चौपाल को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि भाजपा सरकार के महज दस महीने के कार्यकाल में प्रदेश आज अपराध का गढ़ बन चुका है।

चाहे कवर्धा का लोहारीडीह कांड हो या फिर बलरामपुर, सूरजपुर की घटना। भाजपा की साय सरकार कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था से आज आम जनता इस सरकार से असंतुष्ट और आक्रोशित है। रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव में कानून व्यवस्था बड़ा मुद्दा है और क्षेत्र की जनता इस बार कांग्रेस प्रत्याशी को अपना समर्थन देने तैयार है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के सांसद कार्यकाल के दौरान उनकी निष्क्रिय कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उन्हें आम जनता द्वारा नकराने की बात कही। बता दें कि रायपुर दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव में सरायपाली विधायक चातुरी नंद को 3 वार्डों का प्रभारी बनाया गया है। चुनाव प्रचार के दौरान वार्ड की सह प्रभारी सुनीता शर्मा, युवा कांग्रेस नेता सुयश शर्मा, जयंत यादव समेत कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# विकासखंड स्तरीय स्काउट-गाइड तृतीय सोपान जांच शिविर चंडी मंदिर प्रांगण बिरकोनी में आज से

**महासमुंद।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ महासमुंद के निर्देशानुसार विकासखंड महासमुंद द्वारा 6 नवंबर से 9 नवंबर तक 4 दिवसीय आवासीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का आयोजन बिरकोनी के चंडी मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है। शिविर में शामिल होने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा द्वारा सभी उच्च प्राथमिक शालाओं, हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूल को स्काउट गाइड शामिल कराने के लिए कोटा दिया गया है, जिसके अनुसार उच्च प्राथमिक शालाओं के लिए 4 स्काउट या गाइड, हाईस्कूल के लिए 8 स्काउट एवं 8 गाइड प्रभारी शिक्षक के साथ शामिल होंगें। शिविर के लिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिला पर्यवेक्षक के रूप में रामकुमार साहू मुख्यालय आयुक्त, प्रमोद कुमार कन्नौजे जिला सचिव को नियुक्त किया गया है। शिविर का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुन्द द्वारा किया जाएगा। अध्यक्षता विकासखंड के अध्यक्ष कौशलेन्द्र वैष्णव करेंगें। विशिष्ट अतिथि के रूप में येतराम साहू जिलाध्यक्ष स्काउट गाइड, यतेंद्र साहू जनपद अध्यक्ष महासमुंद, अमर अरूण चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य, विकासखंड के उपाध्यक्षगण मनीश शर्मा, देवीचंद राठी, तारा चंद्राकर, शुभ्रा शर्मा, सीता टोंडेकर, नितेश श्रीवास्तव, ताम्रध्वज निषाद सरपंच बिरकोनी, दिनेश्वर चंद्राकर अध्यक्ष चंडी मंदिर समिति, तेजनाथ चंद्राकर सचिव चंडी मंदिर समिति होंगे। इसी प्रकार 7 नवंबर को स्काउट गाइड के स्थापना दिवस पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा के मुख्य अतिथि चंद्रहास चंद्राकर जिला मुख्य आयुक्त, अध्यक्षता येतराम साहू जिलाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि के रूप में कौशलेंद्र वैष्णव, जिला एवं विकासखंड के समस्त उपाध्यक्षगण, ताम्रध्वज निषाद सरपंच, दिनेश्वर चंद्राकर अध्यक्ष मंदिर समिति बिरकोनी होंगे। महाशिविर ज्वाल कार्यक्रम दिनांक 8 नवंबर को शाम 6.30 बजे होगा। जिसके मुख्य अतिथि विनोद सेवनलाल चंद्राकर पूर्व राज्य मुख्य आयुक्त, अध्यक्षता येतराम साहू जिलाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्रहास चंद्राकर, दाउलाल चंद्राकर, यतेंद्र साहू, कौशलेंद्र वैष्णव, जय पवार, धर्मशीला दास, आनंद साहू, अशोक अग्रवाल, एस चंद्रसेन, सुधा साहू, ताम्रजध्वज निषाद होंगे। समापन समारोह 9 नवंबर को होगा। जिसके मुख्य अतिथि झालाराम चंद्राकर अध्यक्ष महानदी फर्शी संघ, अध्यक्षता कौशलेंद्र वैष्णव, विशिष्ट अतिथि के रूप में यतेंद्र साहू, मनीष शर्मा, देवीचंद राठी, नितेश श्रीवास्तव, तारा चंद्राकर, शुभ्रा शर्मा, सीता टोंडेकर, नुकेश चंद्राकर जिला सम्मानित सदस्य ताम्रध्वज निषाद, दिनेश्वर चंद्राकर, तेजनाथ चंद्राकर, कांतिभाई पटेल, दीप अग्रवाल सचिव महानदी फर्शी संघ होंगे। शिविर के सफल संचालन के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा संचालक मंडल की नियुक्ति की गई है। शिविर संचालक तुलेंद्र सागर होंगे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हीना ढालेन एवं विकास खण्ड सचिव लता वैष्णव ने विकासखंड के समस्त उच्च प्राथमिक शालाओं से स्काउट गाइड भेजने के लिए पत्र भेजा है। स्काउट गाइड से जुड़े समस्त पदाधिकारियों को शिविर में उपस्थित होकर स्काउट गाइड का उत्साह वर्धन करने की अपील की है।

**अर्चना पाढ़ी नाईट आर्केस्ट्रा का शानदार कार्यक्रम भी हुआ**

# युवा यादव समाज ने किया गिरि गोवर्धन पूजा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

युवा यादव समाज द्वारा अपने पहले ही गठन के पश्चात पहली बार विशाल व शानदार आर्केस्ट्रा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। देर रात तक चले इस संगीत कार्यक्रम का सभी दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया। काफी लंबे अरसे के बाद इस तरह के संगीत कार्यक्रम का आयोजन किए जाने से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में पहुंचकर श्रोताओं ने मनोरंजन का आनंद उठाया।

नई मंडी में आयोजित ओडिशा की प्रसिद्ध डॉ अर्चना पाढ़ी स्टार नाइट के आयोजन अवसर पर खल्लारी विधानसभा के विधायक द्वारिकाधीश यादव ने जय यादव जय माधव के उद्घोष के बाद अपने संक्षिप्त भाषण में गिरि गोवर्धन पूजा के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि मैंने अपने जीवन काल में पहली बार गिरि गोवर्धन पूजा के अवसर इतना बड़ा आयोजन पहली बार देखा है। भगवान कृष्ण ने गिरी गोवर्धन पूजा का आव्हान इंद्रदेव के अहंकार को समाप्त किए जाने के लिए किया था। इस आव्हान को आज युवा यादव व यादव समाज इसे आगे बढ़ाने में प्रयासरत है। भगवान कृष्ण




की लीलाओं में कहीं न कहीं अच्छाई व सीख का संदेश जरूर रहता है। हमें उन अच्छाइयों व सीखों को ग्रहण कर जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इस आयोजन के लिए विधायक द्वारिकाधीश यादव ने आयोजनकर्ताओं व सभी श्रोताओं को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ इष्टदेव भगवान कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। युवा यादव समाज के सदस्यों द्वारा विधायक द्वारिकाधीश यादव, मनोरथ लाल यादव, रथराम यादव, ध्रुव मलिक यादव (सभी सरंक्षक), नरेंद्र कुमार यादव ( वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष), अनिल यादव ( रायपुर यादव समाज संरक्षक), रमेश यदु (संरक्षक रायपुर यादव समाज), दिलीप गुप्ता (वरिष्ठ पत्रकार), चंद्रकुमार पटेल (नपाध्यक्ष) व अमित शुक्ला (थाना प्रभारी) का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इस आर्केस्ट्रा आयोजन में संभावित श्रोताओं की भीड़ को देखते हुए टीआई अमित शुक्ला द्वारा भारी पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी। हालांकि, श्रोताओं के काफी उत्साह के बीच श्रोतागण अनुशासन के बीच उग्र हो जाते थे। इसके बावजूद कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने पवन यादव, जय यादव, वीरेंद्र यादव, महेंद्र, प्रदीप, कमल, हितेश (पार्षद), जीतू मटारी, मनीष मटारी, डेंगू, संजय, भरत, दिनेश, उपेंद्र, टिंकू, दाशरथी, अंकित, मोहन, राजेंद्र राजू, कोमल, अम्बर, तुषार, ईशान, मयंक के साथ ही अनेक युवा साथियों का योगदान रहा। मंच का संचालन निर्मल यादव व आभार प्रदर्शन जय यादव व गिरि गोवर्धन पूजा आयोजन समिति के संयोजक नरेंद्र कुमार यादव द्वारा किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
8 रात व 9 दिन
Ex हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025
18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025
09 जून से 17 जून 2025
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411